Bareilly Monday
20 December 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ [illegible]
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 02 MIDDLE

कन्फ्यूजन और कॉमेडी के तड़के ने दर्शकों को गुदगुदाया

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (19 Dec): एसआरएमएस रिद्धिमा सभागार में दिल्ली के पीरोट ग्रुप थिएटर के कलाकारों द्वारा हास्य नाटक 'ए प्राइवेट अफेयर्स' का मंचन किया. हास्य नाटक ने दर्शकों को लोटपोट कर दिया. इस हास्य नाटक का निर्देशन डॉ. एम सईद आलम ने किया. इस दौरान सभागार में डीएम मानवेंद्र सिंह मौजूद रहे.

डीएम भी रहे मौजूद

नाटक की शुरुआत मनोचिकित्सक गीता थडानी से होती है जो अपने सचिव अनिल सेठी के साथ स्पिलिट पर्सनालिटी विषय पर व्याख्यान देने के लिए दिल्ली आती हैं. अगले दिन वह बाहर जाना भूल जाती है और एक पांच सितारा होटल के कमरे में ठहरती है. यहां ड्राइंग रूम में अनिल मैडम के स्कर्ट की सिलाई कर रहा होता है, लेकिन मैडम के बुलाने पर वह स्कर्ट वहीं छोड़कर बैडरूम में चला जाता है. अनिल होटल के रिसेप्शन पर बताना भूल जाता है कि आज वह यहीं रहने वाले हैं. इतने में उस रूम को कैप्टन शर्मा के लिए दे दिया जाता है. वह जैसे ही ड्राइंग रूम में प्रवेश करता है, उसकी नजर स्कर्ट पर पड़ती है और वह उसे पांच सितारा होटल का कोई आधुनिक तौलिया समझता है, लेकिन जैसे ही उसे पता चलता है कि यह एक लेडीज स्कर्ट है तो वह झेंप जाता है और उसे वहीं रख देता है. सभागार में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति रहीं.